समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू के डिविजनल कमिश्नर की समीक्षा बैठक, दिए ये अहम निर्देश।

Publisher Published on 06 May 2025



## जम्मू के डिविजनल कमिश्नर ने अमरनाथ यात्रा को लेकर समीक्षा बैठक मे यांत्रा के दौरान मोबाइल शौचालय और यात्रा शिविरों मे बिजली की व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की.

इस साल की अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू के डिविजनल कमिश्नर ने संभाग में नागरिक सुविधाओं के लिए विकास योजना की समीक्षा की. जम्मू के मंडलायुक्त रमेश कुमार ने सोमवार (5 मई) को जम्मू संभाग में श्री अमरनाथजी यात्रा 2025 के सुचारू संचालन हेतु नागरिक सुविधाओं और नवीनीकरण कार्यों के लिए विकास योजना की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में कई विभागों के अधिकारी हुए शामिल
बैठक में एमडी जेपीडीसीएल, आयुक्त जेएमसी, कठुआ, सांबा, जम्मू, उधमपुर, रियासी, रामबन के उपायुक्तों तथा पर्यटन, आरडीडी, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य और जल शक्ति विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार पहचाने गए कार्यों के निष्पादन पर चर्चा की। मंडलायुक्त ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागाध्यक्षों को शीघ्रतम रूप से कार्यों की निविदाएं जारी करने का निर्देश दिया।

जिलावार स्वीकृत कार्यों में वार्षिक पवित्र तीर्थयात्रा के मार्ग में स्थित विभिन्न आवास केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की मरम्मत और नवीनीकरण शामिल हैं।

यात्रा शिविरों में बिजली की व्यवस्था
संभागीय आयुक्त ने जेपीडीसीएल के एमडी को लखनपुर (कठुआ), भगवती नगर (जम्मू) और चंद्रकोट (रामबन) में ठहराव केंद्रों और यात्रा शिविरों में बिजली आपूर्ति और लाइट व्यवस्था के कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने आगे जेएमसी आयुक्त और

जम्मू के उपायुक्त को भगवती नगर जम्मू स्थित यात्रा शिविर में कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने को कहा।

मोबाइल शौचालय को लेकर निर्देश

आरडीडी और जेएमसी के अधिकारियों ने संभागीय आयुक्त को मोबाइल शौचालय, सफाई कार्यों और जनशक्ति की नियुक्ति हेतु प्रस्तावित निविदाओं की जानकारी दी।

एंबुलेंस की तैयारी करने के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग को यात्रा शिविरों और ठहराव केंद्रों में पवित्र तीर्थयात्रा के लिए चिकित्सा आपूर्ति एवं एम्बुलेंस की तैयारी प्रारंभ करने के लिए कहा गया। पीडब्ल्यूडी को भगवती नगर यात्रा शिविर में वाटरप्रूफ हैंगर एवं अस्थायी शेड लगाने के कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। उपायुक्तों को इन कार्यों की गुणवत्ता, निष्पादन और समयबद्ध पूर्णता की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

बता दें कि इस साल 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा की शुरुआत हो रही है. इसका समापन रक्षाबंधन के अवसर पर 19 अगस्त को होगा.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.